# गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया एक्सपो में नीतियों के दम पर छाया यूपी

लखनऊ। इंवेस्ट यूपी, यूपी हैंडलूम और टेक्सटाइल विभाग ने मुंबई में 22-24 मई तक आयोजित तीन दिवसीय गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया एक्सपो में भाग लिया। इस दौरान इंवेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने यूपी को टेक्सटाइल के सबसे बड़े गढ़ के रूप में प्रस्तुत कर निवेशकों को आमंत्रित किया। इसमें हैंडलूम व टेक्सटाइल के संयुक्त आयुक्त केपी वर्मा व अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। प्रदेश का स्टॉल सभी कारोबारियों के बीच प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा, जहां प्रमुख वस्त्र संघों व वस्त्र निर्माताओं को उत्तर प्रदेश की व्यापार अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस में 125 से अधिक प्रदर्शकों और 300 से अधिक ब्रांडों ने हिस्सा लिया। ब्यूरो